कलेक्टर की अध्यक्षता में एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 24 जुलाई, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कक्ष में जिला स्तरीय एनकॉर्ड नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई.

कलेक्टर ने कहा कि 15 जुलाई से 31 जुलाई तक शैक्षणिक संस्थानों में चलने वाले नशा मुक्ति अभियान की समय रहते सभी जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया. उन्होंने अभियान को व्यापक स्वरूप देने के लिए शहर के प्रमुख मॉल, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों, का आयोजन करने तथा इस अभियान से आमजनों को जोड़ने मैराथन जैसी गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्ति का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए. कलेक्टर ने स्कूलों के 100 मीटर के दायरे के भीतर पान, गुटखा के ठेले-टपरों को हटाने अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी भी ली. बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है. बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में नशामुक्ति अभियान की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं. स्कूलों के अच्छे वक्ताओं द्वारा बच्चों को नशामुक्त के लिए जागरूक किया जा रहा है.

कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा की बैठक, चौराहे और लेफ्ट टर्न पर न रुकें बस

ब्लैक स्पॉट सुधारने और स्कूल वाहनों की सुरक्षा पर दिया गया जोर, सुरक्षित पार्किंग के दिये निर्देश

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 24 जुलाई, जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई.

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए ने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी रोटरी (चौराहे) और लेफ्ट टर्न पर भारी वाहनों तथा बसों को रुकने की अनुमति कतई न दी जाए. ऐसा करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि मोड़ पर जाम और दुर्घटना की स्थिति न बने. बैठक में हादसों के प्रमुख कारणों की समीक्षा की गई, जिनमें तेज गति, नशे में वाहन चलाना, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग न करना और सड़क संकेतों की अनदेखी को मुख्य वजह माना गया. यातायात पुलिस को विशेष अभियान चलाकर हेलमेट व सीट बेल्ट को अनिवार्य करने, ओवरलोडिंग तथा नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ चालान और वसूली की सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं. इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी और एनएचएआई को दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने, सड़क संकेतक, स्पीड ब्रेकर, स्ट्रीट लाइट और रोड मार्किंग को तत्काल दुरुस्त करने को कहा गया है. सड़कों की मरम्मत करने, गड्ढे भरने और जगह-जगह रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि रात्रि के समय होने वाले हादसों को टाला जा सके. शहर के आंतरिक यातायात को सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर अंकुश लगाने और ई-रिक्शा के संचालन को व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया है. बैठक में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्कूल वाहनों के लिए नई गाइडलाइन जारी करने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग स्कूलों की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को सुरक्षित छोड़ने, ले जाने और वाहनों की सुरक्षित पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए. इसके अलावा, नो-एंट्री वाले क्षेत्रों में कैमरे लगाने और जिले के सभी चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स को खत्म करने के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर विशेष जोर दिया गया.

किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

रीवा, 24 जुलाई, अधिष्ठाता डा. एसके त्रिपाठी कृषि महाविद्यालय रीवा के मार्गदर्शन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा के प्रमुख डा एके पांडेय के निर्देशन में खरीफ की फसलों की सुरक्षा के लिए ग्राम करहिया नंबर एक में और ग्राम अजगरहा में कृषि विज्ञान केन्द्र के पौध सरंक्षण वैज्ञानिक डा अखिलेश कुमार द्वारा कृषकों के खेत (प्रक्षेत्र) का भ्रमण किया. जिसमें प्रमुख रूप से चावल की नर्सरी, भिन्डी, लौकी, उर्द, मूंग, पालक एवं अरहर का निरीक्षण किया गया. फसलों में लगने वाली इल्ली एवं चूसने वाले कीटों के प्रबंधन के लिए थायोमेथोक्जाम एवं लैम्बडासायलोथ्रीन की मिश्रित दवा की 300 मिली/हे छिडकाव करने की सलाह दी.

हनुमना में हनुमान जी मंदिर में 28 को लगेगा मेला

नवभारत न्यूज

हनुमना, 24 जुलाई, मऊगंज जिले के हनुमना नगर में विराजमान नगराराध्य श्री संकट मोचन हनुमानजी महाराज का प्रत्येक वर्ष लगने वाला विशाल मेला इस वर्ष 28 जुलाई दिन मंगलवार को लगेगा.

मंदिर परिसर में मेले के एक दिन पहले सोमवार को श्रीराम नाम अखंड संकीर्तन का पाठ किया जाएगा एवं मंगलवार को सुबह 7:00 बजे से सुंदरकांड का पाठका आयोजन प्रति वर्ष की भांति किया जाएगा. जहां पर नगर एवं एवं गांवों से आने वाले श्रद्धालु सुबह मंदिर परिसर में पहुंचकर अपने-अपने सुविधानुसार सुंदरकांड का पाठ करते हैं उसी अनुसार चलेगा. इसी तारतम्य में शाम 06:00 बजे से प्रसाद वितरण एवं रात्रि 8:00 बजे महा आरती होगी. इस समस्त आयोजन के आयोजक श्री अंजनेय सेवा समिति हनुमना ने समस्त श्रद्धालुओं से 27 जुलाई एवं 28 जुलाई को श्री बड़े हनुमान जी संकट मोचन मंदिर पहुंचकर प्रभु के दर्शन पूजन प्रसाद ग्रहण एवं मेला का आनंद उठाने की अपील की है. कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से चल रही है.

विद्युत अव्यवस्था के विरुद्ध किसानों ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 24 जुलाई, त्योंथर पूर्वी क्षेत्र के विद्युत वितरण केंद्र रायपुर(सोनौरी) के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में विद्युत समस्याओं का समय पर निराकरण न होने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. किसान संगठन के रमेश प्रसाद मिश्रा के अगुवाई में प्रभावित अंचल के किसानों ने त्योंथर आकर संभागीय विद्युत अधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या निराकरण की मांग की है.

मांग पत्र में कहा गया है कि विद्युत वितरण केंद्र रायपुर के कर्मचारी ज्यादातर स्थानीय लोग हैं, जिसके कारण वे कार्यों में लापरवाही बरतते हैं, और समय पर काम नहीं करते. रमेश प्रसाद मिश्रा जो कि किसान नेता हैं उनको सिंचाई मोटर का कनेक्शन दिया गया है सात महीने से लाइन की खराबी से मोटर नहीं चल रहा है. बार-बार कहने के बाद भी विभाग के कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं. सीएम हेल्पलाइन में शिकायत होने पर झूठी सूचना देकर कि काम हो गया है शिकायत को बंद कर दिया गया. हहोतीपूर्व में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया किंतु उसमें जंपर नहीं लगाया गया.

आरोप है कि संबंधित ठेकेदार ने वहां पदस्थ एक विद्युत अधिकारी को घूस दे दिया जिसके कारण वे ठेकेदार पर मेहरबान होकर किसानों के संकट को हल नहीं करा रहे हैं. ढखरा ग्राम में 2 वर्ष पहले 11 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था किंतु आश्चर्य है कि अभी तक उसमें तार ही नही लगाया गया. वहां बिजली का कनेक्शन नहीं है इस कारण लोग विद्युत सुविधा से वंचित हैं. ग्राम कोरांव विद्यालय के पास 11 केवीए का विद्युत तार झूल रहा है जिससे वहां से निकलने वाले लोगों और छात्रों के ऊपर करंट लगने का खतरा बना हुआ है. ज्ञापन में कहा गया है कि दुआरी ग्राम में बिजली के खंभों से पुराना तार निकाल लिया गया और नया तार नही लगाया गया जिससे वहां भी लोग अंधेरे में जी रहे हैं. ज्ञापन देते समय राममिलन सिंह पटेल, मानेद्र मिश्रा, ललित मिश्रा, धीरज सिंह आदि मौजूद रहे.

कलेक्टर ने हनुमना के नवनिर्मित तहसील भवन का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

हनुमना, 24 जुलाई, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने तहसील हनुमना में नवनिर्मित तहसील भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन के विभिन्न कक्षों, कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं परिसर का भ्रमण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि भवन का प्रत्येक कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए. उन्होंने शेष कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा आवश्यक कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने राजस्व अभिलेख कक्ष, न्यायालय कक्ष, कार्यालयीन कक्ष, प्रतीक्षालय, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, शौचालय एवं परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शासकीय भवन गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं जनहितकारी होना चाहिए. उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्यों में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने तथा शेष कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा तहसील परिसर में पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं की ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट किया जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि अधिवक्ताओं एवं आमजन के लिए बेहतर पेयजल व्यवस्था और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. निरीक्षण के दौरान एसडीम मौजूद रहे.

अवर्षा से किसानों की फसल का हो रहा नुकसान : सुब्रत

नवभारत न्यूज

रीवा, 24 जुलाई, भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष सुब्रत ने मध्यप्रदेश सरकार, जिला प्रशासन से मांग कि है कि अवर्षा से उत्पन्न स्थित ,बोयी गयी विभिन्न फसले एव धान के लगे रोपा का तत्काल निरीक्षण कराया जाय.

वारिस न के बराबर हुई है खरीफ मे उडद, मूग, अरहर, तिल की बोनी जहा हो गयी है साथ हि झुरिया धान की बोनी कर दी है. आसमान से पानी नही, गावो मे लगातार बिजली नही ,नहरो एव.माइनर नहरो मे पानी नही बोयी हुई खेती पानी के अभाव मे खराब हो रही है. वही वारिस एव बिजली के बराबर ना होने ,नहरो मे पानी ना होने से धान के रोपा लगाना मुश्किल हो रहा है. किसान सुब्रत ने माग कि है कि राजस्व एव कृषि के अधिकारियो को उनके कार्प क्षेत्र मे भेजा जाय वारिस ना होने से उत्पन्न स्थित हो रही खराब फसलो का सर्वे करा किसानो को राहत दी जाय.

बिजली विभाग सुनिश्चित करे कि गावो मे ज्यादा से ज्यादा बिजली दी जाय ट्रांसफार्मर एव बिजली से सम्बन्धित शिकायतो का तत्काल निराकरण किया जाय, जिससे किसान अपनी बोयी गयी फसलो को पानी दे सके एव धान की रोपायी कर सके सभी नहरो मे पानी छोडा जाय.

दिल्ली जंतर-मंतर में घायल से मिले सुखेन्द्र सिंह

नवभारत न्यूज

रीवा, 24 जुलाई, दिल्ली में नीट परीक्षा को लेकर छात्रों का प्रदर्शन चल रहा है. जंतर मंतर में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान मऊगंज जिले के निवासी अनिल सिंह घायल हुए थे.

मऊगंज के पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना दिल्ली के जंतर मंतर पहुंचे. जहा घायल अनिल सिंह एवं राजेश यादव से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना. इस दोरान पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है. यहा छात्रों की बात नही सुनी जा रही बल्कि उनके ऊपर लाठियां बरसाई जा रही है. जिसकी मैं कटु निंदा करता हूं.

जवाहर नवोदय विद्यालय रहिकवारा में कक्षा 6वीं के लिये आवेदन 31 तक

सतना/मैहर 23 जुलाई । नवोदय विद्यालय समिति, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय रहिकवारा में सतना एवं मैहर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए होने वाली चयन परीक्षा सत्र 2027-28 के ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं, आवेदन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2026 है। इच्छुक अभ्यर्थी आनलाइन सेंटर में जाकर/मोबाइल से लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी को सत्र 2026-27 में सतना एवं मैहर जिले के किसी शासकीय/मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए एवं जिले का निवासी होना चाहिए।

80 मरीज लाभान्वित, पांच मोतियाबिंद मरीजों को नई रोशनी की उम्मीद

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 24 जुलाई, सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए चाकघाट व्यापार मंडल ने एक बार फिर जनसेवा की अनूठी मिसाल पेश की. प्रत्येक माह की 24 तारीख को आयोजित किए जाने वाले नियमित स्वास्थ्य सेवा अभियान की कड़ी में शुक्रवार को 25वें नि:शुल्क एलोपैथिक स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन बड़े हनुमानजी मंदिर परिसर, चाकघाट में किया गया.

शिविर का आयोजन चाकघाट व्यापार मंडल एवं सद्गुरु नेत्रालय, चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया. शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम राकेश चौरसिया, नायब तहसीलदार वीरेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार रामलखन गुप्त एवं अधिवक्ता अरुणेंद्र तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है. उन्होंने व्यापार मंडल द्वारा लगातार 25 माह से किए जा रहे इस सेवा कार्य को प्रेरणादायी बताया. शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की शुगर (ब्लड शुगर), ब्लड प्रेशर (बीपी), सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद की जांच पूरी तरह नि:शुल्क की गई. सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगी रही और कुल 80 मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई. जांच के दौरान 5 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए सद्गुरु नेत्रालय, चित्रकूट भेजा गया, जहां उनका ऑपरेशन एवं आवश्यक उपचार भी निशुल्क किया जाएगा. व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल व्यापारिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सेवा करना भी प्राथमिकता है. इसी सोच के साथ पिछले 25 महीनों से लगातार प्रत्येक माह की 24 तारीख को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिससे सैकड़ों जरूरतमंद मरीज लाभान्वित हो चुके हैं. उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी यह सेवा अभियान निरंतर जारी रहेगा. शिविर के सफल संचालन में उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता (गोलू), कोषाध्यक्ष अरुण केसरवानी, सचिव धीरज बाबू केसरवानी, सह सचिव अजय सोधिया सहित व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई. आयोजन में शारदा प्रसाद केसरवानी, संजय केसरवानी, संतोष जैन (सिंटू), राज शरण लाल, कृष्ण कुमार केसरवानी, मुन्ना भैया, आशुतोष केसरवानी, के.के. सेठ, सुरेश चंद केसरवानी, सौरभ केसरवानी, सत्यम केसरवानी, गुड्डन भैया, दिनकर सिंह मौजूद रहे.

सतना के युवा इंजीनियर रत्नेंद्र सिंह ने बढ़ाया जिले का मान, कलेक्टर ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

नवभारत न्यूज

सतना 24 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच एवं सशक्त नेतृत्व में भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलने का ऐतिहासिक निर्णय आज आत्मनिर्भर भारत की वैज्ञानिक क्षमता और नवाचार का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है। इसी कड़ी में स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित विक्रम-1 रॉकेट देश की उभरती तकनीकी शक्ति और आत्मनिर्भरता के संकल्प का प्रतीक बनकर उभरा है।

हाल ही में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से मिशन 'आगमन' के अंतर्गत निजी क्षेत्र के प्रथम ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 का सफल प्रक्षेपण किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में सतना जिले के युवा इंजीनियर रत्नेंद्र सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान देकर न केवल जिले, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सतना जिले के ग्राम कोठरा (जैतवारा) निवासी रत्नेंद्र सिंह वर्तमान में स्काईरूट एयरोस्पेस, हैदराबाद में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। उनके पिता श्री पुष्पेंद्र सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं, माता श्रीमती रीतू सिंह गृहिणी हैं तथा उनकी बहन शिल्पा सिंह गुड़गांव में आईटी इंजीनियर हैं। साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे उच्च तकनीकी क्षेत्र में योगदान देना उनकी मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिचायक है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने रत्नेंद्र सिंह की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि सतना जिले के युवाओं की प्रतिभा आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है।

यह उपलब्धि जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कलेक्टर ने विश्वास व्यक्त किया कि रत्नेंद्र सिंह की सफलता युवाओं को विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाती हैं। भारत आज विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है। विक्रम-1 रॉकेट की सफलता और उसमें सतना के युवा का योगदान इस बात का प्रमाण है कि देश की नई पीढ़ी नवाचार और तकनीकी विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने रत्नेंद्र सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है।

युवा इंजीनियर के पिता का कलेक्टर ने किया सम्मान

सतना । निजी क्षेत्र के प्रथम ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 के सफल मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर सतना जिले का गौरव बढ़ाने वाले कोठरा (जैतवारा) निवासी युवा इंजीनियर रत्नेंद्र सिंह के पिता एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त श्री पुष्पेंद्र सिंह का गुरुवार को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने अपने कक्ष में शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि रत्नेंद्र सिंह की उपलब्धि पूरे सतना जिले और मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि देश के अंतरिक्ष मिशन में जिले के एक युवा का महत्वपूर्ण योगदान हम सभी के लिए गर्व का विषय है। साथ ही उन्होंने रत्नेंद्र सिंह के माता-पिता को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके संस्कारों और मार्गदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह एवं अपर कलेक्टर विकास सिंह भी उपस्थित रहे।